# आर्लिंगटन काउंटी

## बाल देखभाल की क्षमता को बढ़ाने और गुणवत्ता सुधार के लिए

## निधियन की उपलब्धता का नोटिस

**30 अक्तूबर 2024**

### सिंहावलोकन और पार्श्वभूमि

बाल देखभाल पहल (Child Care Initiative, CCI) आर्लिंगटन के परिवारों के लिए बाल देखभाल प्रदान करने में चुनौतियों को संबोधित करने के लिए व्यूहरचनात्मक ढाँचा प्रदान करता है। CCI तीन क्षेत्रों पर केन्द्रित है:

- *पहुँचक्षमता* – किफायती बाल देखभाल तक पहुँच बढ़ाना, जिसमें सार्वजनिक सहायता सेफ्टी नेट प्रोग्रामों के लिए सीमा पर हो ऐसी आय वाले परिवारों पर विशेष ध्यान होगा।
- *उपलब्धता* – बाल देखभाल के लिए स्लॉट की उपलब्धता को बढ़ाना और उसे उपयोग करना।
- *गुणवत्ता* – सभी बाल देखभाल की सुरक्षा और गुणवत्ता को उन्नत बनाना।

2017-2018 में उसके विकास के बाद से CCI के परिणाम स्वरूप इन लक्ष्यों की दिशा में प्रदर्शनीय प्रगति हुई है। अप्रैल 2024 में, आर्लिंगटन काउंटी में बाल देखभाल के स्लॉट की ज्ञात संख्या 8,884 थी – काउंटी के पाँच साल से कम आयु के 69% तक बच्चों की सेवा करने के लिए काफी थी, जो 2017 के 51% की तुलना में अधिक थी। इसके अतिरिक्त, अप्रैल 2024 तक, आर्लिंगटन के लगभग 51% बाल देखभाल स्लॉट किसी मान्यता प्राप्त या गुणवत्ता के लिए रेटिंग वाले बाल देखभाल केंद्र या पारिवारिक डे केयर होम में थे – 2017 के 13% की तुलना में यह अधिक है।

### इरादा और उद्देश्य

CCI की सहायता के लिए काउंटी बोर्ड ने $5 मिलियन का *एक बार वाला* निधियन आवंटित किया। $4,435,420 मिलियन नये किफायती बाल देखभाल स्लॉट्स के बदले पूँजीगत व्यय के लिए सहायता प्रदान करने के लिए एक पहले की निधियन उपलब्धता की नोटिस (Notice of Funding Availability, NOFA) का हिस्सा थे। शेष $564,580 इस NOFA का हिस्सा हैं, जिसमें *आर्लिंगटन काउंटी में उच्च गुणवत्ता वाले बाल देखभाल प्रोग्राम की रचना, विस्तारण और/या सुधार के द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले बाल देखभाल समर्थन करने के लिए* प्रस्तावों की माँग की जा रही है।

काउंटी की अपेक्षा है कि प्रस्ताव दो वर्गों में से एक के होंगे – क्षमता वर्धन या गुणवत्ता सुधार – और प्रस्तावों के उदाहरणों में ये शामिल हो सकते हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- क्षमता वर्धन
  - किसी बाल देखभाल कार्यक्रम की शुरुआत करने या उसे विस्तारित करने में मदद करने के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर विशेषज्ञता (जैसे माँग का विश्लेषण, साइट के चयन के लिए सहायता, प्रोजेक्ट की योजना बनाना, आर्थिक विश्लेषण, डिज़ाइन और निर्माण, स्टाफिंग, आदि)
  - प्रचालनीय प्रक्रियाओं को विकसित और लागू करने के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर विशेषज्ञता (जैसे नियमपुस्तिकाएं, जाँच सूचियाँ, नीतियाँ, प्रक्रियाएं, आपातकालीन योजनाएं, आदि)
  - पेशेवर विकास

- गुणवत्ता सुधार
    - पाठ्यक्रम या आकलन के साधन
    - क्रेडेंशियल/प्रमाणन की प्राप्ति
    - आयु उपयुक्त विकास के लिए किताबें और खिलौने
    - कक्षाओं के लिए साधन या सामग्रियाँ
    - स्वास्थ्य और सुरक्षा का समर्थन करने वाले आइटम

इस निधियन के अवसर की एक बार की प्रकृति के कारण, प्रदाताओं को वेतन और लाभ जैसी बड़ी निरंतर लागतों के लिए प्रस्ताव सबमिट नहीं करने चाहिए।

**प्रस्ताव की आवश्यकताएं**

किसी भी तरह का बाल देखभाल प्रोग्राम निधियन के लिए आवेदन करने के लिए पात्र है। किसी भी एकल निकाय को प्रदान की गई अधिकतम राशि $75,000 होगी – तब भी अगर निकाय एक से अधिक प्रस्ताव सबमिट करे, दोनों निधियन वर्गों में से निधियन की माँग करे या फिर एकाधिक स्थानों के लिए निधियन की माँग करें।

प्रस्ताव 12-पॉइंट Times New Roman में सिंगल स्पेसिंग में टाइप किया हुआ अधिकतम 7 पृष्ठ लंबा होना चाहिए। कृपया प्रस्ताव में यह जानकारी शामिल करें:

1. **कवर लेटर।** कवर लेटर में यह शामिल होना चाहिए:
    a. आवेदक/संगठन का नाम, पता और मुख्य फोन नंबर
    b. आवेदक की कानूनी स्थिति का संक्षिप्त विवरण जैसे, 501(c)(3), LLC, अन्य। (कृपया इस खंड के अंत में दस्तावेज़ संबंधी आवश्यकताएं देखें।)
    c. कवर लेटर में हस्ताक्षर करने वाले मुख्य व्यक्ति का नाम, पद, ई-मेल पता और फ़ोन नंबर और यह निवेदन कि हस्ताक्षरकर्ता आवेदक को किसी भी समझौते में बद्ध करने के लिए अधिकृत है

2. **परिचय।** मौजूदा और वांछित बाल देखभाल प्रोग्राम का वर्णन करना जिसमें यह शामिल हैं:
    a. बाल देखभाल स्लॉट की कुल संख्या और बाल देखभाल प्रोग्राम जिनकी सेवा करता है उन आयुओं का विवरण
    b. बाल देखभाल प्रोग्राम का भौतिक स्थान
    c. प्रचालन के दिन/घंटे – यानी कि क्या बाल देखभाल प्रोग्राम गैर-परंपरागत दिनों या घंटों जैसे कि वीकएंड, शाम को या रातभर खुला रहता है?
    d. कोई भी प्राप्त या फॉलो किए गए वर्तमान या प्रत्याशित प्रमाणन, अनुमोदन और/या गुणवत्ता मानक

3. **गुणवत्ता।** अपने प्रत्याशित या मौजूदा प्रोग्राम में गुणवत्ता के प्रति अपने रवैये को समझाएं, जिसमें यह शामिल है:
    a. आप बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक कल्याण और विकास को कैसे प्रोत्साहन देते हैं?
    b. आप कैसे सुनिश्चित करते हैं कि बच्चे दिन भर आयु-उपयुक्त गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं?
    c. आप अपने कर्मचारियों को कैसे प्रशिक्षित और विकसित करते हैं ताकि सुनिश्चित हो कि वे बच्चों और उनके परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान कर रहे हैं?

4. **प्रस्ताव।** अपने प्रोजेक्ट का विस्तृत वर्णन प्रदान करें, जिसमें ये शामिल हों:
    a. आपका प्रोजेक्ट जिन्हें संबोधित करता है, वे ज़रूरतें
    b. आपका प्रोजेक्ट बाल देखभाल की गुणवत्ता को कैसे बेहतर बनाएगा उसके बारे में स्पष्टीकरण
    c. प्रोजेक्ट का बजट

   d. प्रोजेक्ट की समय रेखा
   e. क्या इस प्रोजेक्ट से जुड़े आपके निरंतर खर्च होंगे? अगर हाँ, तो आप उनका भुगतान कैसे करेंगे? नोट करें कि यह NOFA एक बार किया जाने वाला निधियन है।

5. **समानता।** अपने प्रत्याशित या मौजूदा प्रोग्राम में समानता के प्रति अपने रवैये को समझाएं, जिसमें यह शामिल है:
   a. आपका प्रोजेक्ट आर्लिंगटन काउंटी के बच्चों के लिए असमानताओं को घटाने में कैसे मदद करता है?
   b. आपका प्रोग्राम किस तरह से कर्मचारियों, बच्चों और परिवारों के लिए एक समावेशी परिवेश बनाता है (या अगर प्रोग्राम अभी अस्तित्वमान नहीं है, तो बनाएगा)?

6. कोई भी अन्य जानकारी जिसे आवेदक काउंटी के उसके प्रस्ताव के मूल्यांकन में विचार करने के लिए प्रासंगिक मानता है।

प्रस्ताव संबंधी अन्य आवश्यकताएं:

- सभी प्रोग्रामों को लागू राज्य और/या स्थानीय लाइसेंसिंग से जुड़ी सभी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए।
- काउंटी लाभ के लिए और लाभ-निरपेक्ष साझीदारों से प्रस्ताव पाने के लिए तैयार है:
  - दोनों तरह के आवेदकों को एक वैध व्यवसाय लाइसेंस का साक्ष्य प्रदान करना होगा और राजस्व कमीशनर (Commissioner of the Revenue) के अनुसार, उनके कोई अतिदेय काउंटी व्यवसाय लाइसेंस कर नहीं होने चाहिए। यह दस्तावेज़ 7 पृष्ठों की सीमा में गिने नहीं जाएंगे।
  - लाभ-निरपेक्ष आवेदकों को लाभ-निरपेक्ष स्थिति का साक्ष्य प्रदान करना होगा। यह दस्तावेज़ 7 पृष्ठों की सीमा में गिने नहीं जाएंगे। इनमें से कोई भी लाभ-निरपेक्ष स्थिति का स्वीकार्य साक्ष्य है:
    - आंतरिक राजस्व सेवा (Internal Revenue Service, IRS) की IRS संहिता के संभाग 501(c)(3) में वर्णित कर मुक्त संगठनों की सबसे हाल की सूची में आवेदक संगठन के शामिल होने का उल्लेख
    - वर्तमान में वैध IRS कर मुक्ति प्रमाणपत्र की एक प्रति
    - राज्य के कर लगाने वाले निकाय, राज्य के एटर्नी जनरल या अन्य उपयुक्त राज्य अधिकारी से एक निवेदन जो इस बात का प्रमाणन करता हो कि आवेदक संगठन को लाभ-निरपेक्ष स्थिति प्राप्त है, और यह कि कोई भी निवल आय किसी निजी शेयरधारकों या व्यक्तियों को जमा नहीं होती है
    - संगठन के इनकॉर्पोरेशन के प्रमाणपत्र या समान दस्तावेज़ जो इसकी लाभ-निरपेक्ष स्थिति को स्पष्ट रूप से स्थापित करता हो, की एक प्रमाणित प्रति
    - किसी राज्य या राष्ट्रीय पेरेन्ट संगठन के लिए उपरोक्त साक्ष्यों में से कोई भी और पेरेन्ट संगठन द्वारा एक हस्ताक्षरित बयान कि आवेदक संगठन एक स्थानीय लाभ-निरपेक्ष सहयोगी है।
- प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए सरकारी निकायों से कोई भी आवश्यक स्वीकृतियाँ पाने की ज़िम्मेदारी सभी आवेदकों की होगी।
- अगर किसी राशि प्रदान के लिए चयनित किए जाएं, तो पुरस्कृतों को यह करना होगा:
  - W-9 प्रदान करके भुगतान निर्देशों की पुष्टि करना।
  - प्रोजेक्ट की पूर्णाहूति दिखाने के लिए एक या अधिक रिपोर्ट जमा करना।
  - बातचीत करके जिस पर हस्ताक्षर किया जाएगा ऐसे एक अनुदान समझौते में शामिल काउंटी के नियमों और शर्तों से सहमत होना।

## सबमिशन का विवरण

प्रस्ताव बाल देखभाल की क्षमता को बढ़ाने और गुणवत्ता सुधार के लिए निधियन की उपलब्धता का नोटिस के लिए वेबपेज पर जमा किए जा सकते हैं। **प्रस्ताव शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 को शाम 5:00 बजे से पहले जमा करा दिए जाने चाहिए।**

जैसा कि नीचे नोट किया गया है, इस NOFA के बारे में प्रश्न और स्पष्टीकरण Elizabeth Matlock (एलिज़ाबेथ मैटलॉक) को ematlock@arlingtonva.us पर मंगलवार 12 नवंबर 2024 को शाम 5:00 बजे से पहले भेज दिए जाने चाहिए।

## समयरेखा और चयन प्रक्रिया

**बुधवार, 30 अक्तूबर, 2024** – NOFA वितरित किया गया

**मंगलवार 12 नवंबर, 2024, शाम 5:00 बजे** – देय NOFA के बारे में प्रश्नों/स्पष्टीकरणों के लिखित सबमिशन के लिए अंतिम तिथि। प्रश्न ईमेल द्वारा Elizabeth Matlock (एलिज़ाबेथ मैटलॉक) को ematlock@arlingtonva.us पर भेजे जा सकते हैं।

**गुरुवार, 14 नवंबर 2024, समय निर्धारित करना बाकी** – NOFA के बारे में भेजे गए प्रश्नों और अन्य सामान्य जानकारी संबंधी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए एक वर्चुअल प्रस्ताव पूर्व जानकारी सेशन आयोजित किया जाएगा। जानकारी सेशन में पूछे गए और ईमेल द्वारा भेजे गए प्रश्नों के उत्तर सोमवार, 18 नवंबर 2024 शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन पोस्ट कर दिए जाएंगे।

**शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024, शाम 5:00 बजे** – प्रस्ताव देय। *प्रस्ताव कैसे सबमिट करने हैं इसके बारे में जानकारी के लिए "सबमिशन का विवरण" देखें।*

**फरवरी 2024** – प्रोजेक्ट्स का संभावित चयन।

**फरवरी से मार्च 2025** – अनुदान समझौते के बारे में बातचीत (अगर आवश्यक हो) और समझौतों को काउंटी बोर्ड द्वारा स्वीकृति।

## मूल्यांकन मानदंड

प्रस्तावों का मूल्यांकन निम्न महत्वों का उपयोग करके किया जाएगा। अच्छा स्कोर कैसे हासिल करें इसके बारे में मार्गदर्शन इस घोषणा के अंत में शामिल किया हुआ है।

| श्रेणी | भार |
|---|---|
| प्रतिक्रियात्मकता<br>(कवर लेटर, पार्श्वभूमि और सहायक दस्तावेज़) | 15% |
| गुणवत्ता | 25% |
| प्रस्ताव | 40% |
| समानता | 20% |

## रिपोर्टिंग संबंधी आवश्यकताएं

अगर प्रदान किया जाए, तो प्रदाताओं को हर छह महीने में प्रगति रिपोर्ट सबमिट करनी होगी। इन रिपोर्टों में एक प्रोग्राम से जुड़ा और एक आर्थिक हिस्सा शामिल होगा।

- प्रोग्राम संबंधी रिपोर्ट: प्रदाता प्रोजेक्ट की प्रगति के बारे में अपडेट प्रदान करेंगे, जिसमें कोई भी प्रासंगिक डेटा और गुणवत्ता सुधार पर प्रभाव दिखाने वाले किस्से शामिल होंगे।
- आर्थिक रिपोर्ट: प्रदाता खर्च के बारे में एक रिपोर्ट जमा कराएंगे, जिसमें समर्थक दस्तावेज़ (जैसे इन्वॉइस या रसीदें) शामिल होंगे।

**अन्य जानकारी**

काउंटी प्रस्तावों को सार्वजनिक रूप से नहीं खोलेगी।

काउंटी किसी और सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने, इस माँग को रद्द करने और प्रक्रिया में किन्हीं अनौपचारिकताओं या अनियमितताओं को छोड़ने के अधिकार को सुरक्षित रखती है।

आर्लिंगटन काउंटी धर्म आधारित संगठनों के खिलाफ भेदभाव नहीं करती है।

काउंटी अपेक्षा करती है कि यह NOFA एक या अधिक आवेदकों को प्रदान किया जा सकता है, जिसमें निधियन इस NOFA में वर्णित लक्ष्यों के साथ संगत के रूप में काउंटी द्वारा चयन के अनुसार आवंटित किया जाएगा।

**अच्छे प्रस्ताव के लिए दिशानिर्देश**

| **श्रेणी** | **एक अच्छा प्रस्ताव...** | **अधिकतम स्कोर** |
|---|---|---|
| प्रतिक्रियात्मकता | • माँग की गई सभी जानकारी और सहायक दस्तावेज़ शामिल करेगा | 15 |
| गुणवत्ता | • बाल कल्याण के अनेक क्षेत्रों को कवर करेगा (शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक)<br>• गतिविधियों और रणनीतियों के अनेक, विशेष उदाहरण शामिल करेगा<br>• गतिविधियाँ और रणनीतियाँ उम्र अनुकूल हों<br>• गतिविधियाँ और रणनीतियाँ स्पष्ट रूप से बच्चे के कल्याण और विकास से जुड़े हों | 25 |
| प्रस्ताव | • आवश्यकता और प्रोजेक्ट आवश्यकता को कैसे पूरा करेगा इसका स्पष्ट वर्ण करें<br>• ऐसा बजट शामिल करें जो वाजिब हो और उसमें यह स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त विवरण हो कि निधियन का इस्तेमाल कैसे किया जाएगा<br>• वाजिब समय रेखा शामिल करें<br>• लागू हो तो, किन्हीं निरंतर खर्चों को उठाने के लिए एक वास्तविक योजना बनाएं | 40 |
| समानता | • वर्णन करें कि प्रोजेक्ट किस तरह से बच्चों और परिवारों के लिए परिणामों में असमानताओं या कमियों को कम कर सकता है, जिसमें कोई भी प्रासंगिक, विशेष घटना या डेटा हो<br>• अनेक समूहों (कर्मचारी, बच्चे और परिवार) के साथ समावेशन को प्रोत्साहित करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली खास गतिविधियों और रणनीतियों का विवरण दें | 20 |